भारत सरकार

रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड

<u>सभी उम्मीदवार,जिनके “आवेदन स्वीकृत” किए गए हैं, जो विशिष्ट जातियों से संबंध रखते हैं,लेकिन जिन्होंने प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन में जाति का उल्लेख अनुसूचित जाति के रूप में किया है, को ई-मेल के माध्यम से नवीनतम समुदाय और जाति प्रमाण पत्र भेजने के लिए सूचना.</u>

उन सभी उम्मीदवारों के लिए विशेष सूचना, जिनके आवेदन सीईएन 01/2024 (एएलपी) / सीईएन 02/2024 (तकनीशियन) / सीईएन आरपीएफ 01/2024 (सब इंस्पेक्टर) / सीईएन 03/2024 (जेई / डीएमएस / सीएमए / सीएस आदि) / सीईएन 04/2024 (पैरामेडिकल) के लिए स्वीकार किए गए हैं (अनंतिम / सशर्त) और (ए) मूल रूप से पैन (PAN) / सवासी (SAWASI) / पानर (PANR) / तांती-ततवा (TANTI-TATWA) जाति से संबंध रखते हैं और (बी) बिहार राज्य से संबंधित हैं या केवल बिहार राज्य छोड़कर चले गए (अस्थायी रूप से / स्थायी रूप से) हैं और (सी) जिनके ऑनलाइन आवेदन में 'जाति' फ़ील्ड में अनुसूचित जाति के रूप में भी उल्लेख किया गया है.

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए:

डॉ. भीम राव अंबेडकर विचार मंच, बिहार, पटना और बिहार राज्य एवं अन्य के बीच सुप्रीम कोर्ट सिविल अपील संख्या 18802/2017, दिनांक 15.07.2024 का निर्णय

(1) उम्मीदवार,जिन्होंने अपने ऑनलाइन आवेदन में अपनी जाति का उल्लेख **अनुसूचित जाति** के रूप में किया है और साथ ही **(ए) मूल रूप से पैन / सवासी / पानर / तांती-ततवा जाति से संबंध रखते हैं और (बी) बिहार राज्य से संबंधित हैं या केवल बिहार राज्य छोड़कर चले गए (अस्थायी रूप से / स्थायी रूप से) हैं,** उन्हें नीचे उल्लिखित तरीके से निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करना चाहिए:

a) उम्मीदवारों **को दि.01.12.2024 को या उसके बाद जारी** अपने नवीनतम जाति प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति प्रस्तुत करनी होगी.

b) स्कैन की गई प्रति पीडीएफ प्रारूप में होनी चाहिए तथा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से ही भेजी जानी चाहिए.

c) ईमेल में निम्नलिखित विवरण भी शामिल होने चाहिए: आवेदन पंजीकरण संख्या, आवेदक का नाम, पंजीकृत मोबाइल नंबर, सीईएन नंबर, पुराना समुदाय और जाति, तथा संशोधित समुदाय और जाति.

d) ईमेल नीचे सूचीबद्ध सीईएन-विशिष्ट ईमेल आईडी पर भेजा जाना चाहिए, जहां लागू हो.

सीईएन नंबर (पद)	**ई-मेल आईडी**
01/2024 (एएलपी)	asrrb@scr.railnet.gov.in
02/2024 (तकनीशियन) ग्रेड - I [सिगनल] और ग्रेड - III	asrrb@scr.railnet.gov.in
आरपीएफ 01/2024 (एसआई)	asrrb@scr.railnet.gov.in
03/2024 (जेई/डीएमएस/सीएमएस/सीएस)	rrbbbs.od@gov.in
04/2024(पैरामेडिकल)	rrbmfp-bih@nic.in

उपर्युक्त सीईएन विशिष्ट ई-मेल आईडी पर अपने पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से स्व-सत्यापित स्कैन किए गए नवीनतम समुदाय और जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख दि.10.02.2025 (23:59 बजे तक) है.सभी उम्मीदवार,जिन्होंने नवीनतम समुदाय एवं जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए हैं, के लिए भर्ती के अगले चरणों में उनकी संशोधित जाति/समुदाय के अनुसार उन पर विचार किया जाएगा.

2) यदि ऐसे कोई भी उम्मीदवार, जो इस सूचना का जवाब नहीं देते हैं और दि.01.12.2024 को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपना स्व-सत्यापित स्कैन किया हुआ नवीनतम जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की **अंतिम तारीख अर्थात् दि. 10.02.2025 तक** नहीं भेजते हैं, तो उन्हें बाद में ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित जाति (अनुसूचित जाति) के अनुसार भर्ती के आगे के चरणों के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा. इन उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय अनिवार्य रूप से दि.01.12.2024 को या उसके बाद जारी किया गया नया जाति प्रमाण पत्र और साथ ही पुराना जाति/समुदाय प्रमाण पत्र जो ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख से पहले जारी किया गया हो, प्रस्तुत करना होगा. आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के बीच की अवधि के जाति प्रमाण पत्र की **दि.01.12.2024** को या उसके बाद जारी किए गए नए जाति प्रमाण पत्र के संबंध में क्रॉस चेक किया जाएगा. यदि दोनों प्रमाण पत्रों में कोई विसंगति पाई जाती है, तो उसकी उम्मीदवारी को अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत माना जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें.

दिनांक : 29.12.2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड